

# गुरुपूर्णिमा पर आस्था का सैलाब

## दो दिवसीय उत्सव के लिए शहर तैयार, सुरक्षा और सेवा के पुख्ता इंतजाम



नवभारत न्यूज़

**खंडवा। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर इस बार पूरा खंडवा शहर भक्ति और सेवा के रंग में सराबोर होने के लिए तैयार है। दो दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।**

उत्सव के दौरान शहर के कोने-कोने में सैकड़ों विशाल भंडारों का आयोजन किया जा रहा है, जहां लाखों भक्तों के लिए प्रसादी तैयार की जा रही है। सेवा भाव से ओतप्रोत पूरा शहर इन भंडारों की व्यवस्था संभालने और आगंतुकों की सेवा करने में जुट गया है तथा विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के स्वयंसेवक दिन-रात तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। इस वर्ष मुख्य परिसर में भव्य मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर होने के कारण समिति और प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष समाधि दर्शन की व्यवस्था की है। दर्शन मार्ग को इस तरह तैयार किया गया है जिससे निर्माण कार्य भी बाधित न हो और भक्तों को बिना किसी परेशानी के सुगमता से दर्शन प्राप्त हो सकें। इसके साथ ही, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए अलग से व्हीलचेयर और सुगम मार्ग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पूरे मेला क्षेत्र और संवेदनशील चौराहों पर 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम से पल-पल की निगरानी रखी जाएगी। जेबकतरों और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए सादे कपड़ों में भी पुलिस बल तैनात रहेगा। भारी भीड़ को देखते हुए शहर के कई मार्गों पर ट्रैफिक रूट डायवर्ट किया गया है, जिसकी एडवाइजरी जल्द ही जारी की जाएगी।कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है और नगर निगम प्रशासन को विशेष रूप से अलर्ट पर रखा गया है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भंडारा स्थलों और मुख्य मार्गों पर 24 घंटे सफाईकर्मियों की शिफ्ट लगाई गई है। गर्मी और उमस को देखते हुए जगह-जगह पानी के टैंकर और ठंडे पानी की प्याऊ स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, मेला क्षेत्र में अस्थाई लाइटें और पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था भी पूरी कर ली गई है ताकि बाहर से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# नमो वन में हुआ 11 हजार पौधों का रोपण

## महापौर ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** पर्यावरण संरक्षण और शहर में हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सिविल लाइन स्थित नमो वन में अमृत हरित अभियान महोत्सव के तहत वृहद पौधारोपण किया गया। नगर निगम के तत्वावधान में आयोजित इस महाअभियान में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों के सहयोग से लगभग ग्यारह हजार पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि अंधाधुंध वृक्षों की कटाई के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ा है। इस असंतुलन को दूर करने और भविष्य में ऑक्सीजन की कमी से बचने के लिए बड़े पैमाने पर पौधारोपण नितांत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे न केवल पौधे लगाएं, बल्कि एक पुत्र या पुत्री की तरह उनका संरक्षण कर उन्हें बड़ा भी करें। नगर निगम प्रशासन शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने के साथ ही अपने सामाजिक और पर्यावरणीय दायित्वों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहा है। इसी के परिणाम स्वरूप नवकार नगर स्मार्ट सिटी के पास, नागचुन और सिविल लाइन क्षेत्र के नमो वन में लगाए गए पौधे अब बड़े होकर वृक्ष का रूप ले रहे हैं। पौधारोपण के इस वृहद कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्यों, पार्षदों और निगम के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ शहर की लायंस, जेसीआई, रोटरी क्लब जैसी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और पत्रकारिता जगत से जुड़े संस्थानों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से पौधों की देखभाल करने और खंडवा को एक हरित, स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### ओंकारेश्वर सेप्टिक टैंक हादसे पर सीएम सख्त

#### दिए विभागीय जांच और निलंबन के आदेश



**खंडवा।** ओंकारेश्वर के ब्रह्मपुरी पार्किंग क्षेत्र में सेप्टिक टैंक में गिरकर एक तीन वर्षीय बालक की दु:खद मृत्यु की घटना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। इस हृदय विदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि इस दुर्घटना की जवाबदेही तय की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूरे प्रकरण की तत्काल विभागीय जांच के निर्देश देते हुए कहा है कि दुर्घटना में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। उन्होंने सख्त चेतावनी दी है कि विभागीय जाँच में जो भी अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें सीधे सेवा से बर्खास्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार के लिए आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी भी स्तर की लापरवाही या कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री के इन निर्देशों के बाद प्रशासनिक अमला तुरंत हरकत में आ गया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण नोडल अधिकारी एवं उपयंत्री सुरेश चंद्र पाटीदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है।

### किसानों को दी जाएगी खेती की आधुनिक तकनीकों और कृषि यंत्रीकरण की जानकारी

**खण्डवा ।** प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। खंडवा में 27 जुलाई को नई कृषि उपज मंडी परिसर में प्रात: 11 बजे से बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली संबोधित करते हुए खंडवा जिले के किसानों से संवाद करेंगे। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंप दिए हैं। उप संचालक कृषि श्री नितेश यादव ने बताया कि बलराम कृषि महोत्सव में किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक, उन्नत बीजों, नवीन कृषि यंत्रों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण तथा शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी, ताकि खेती अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं समृद्ध बन सके। इस महोत्सव में कृषि विभाग के साथ साथ उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, कृषि अभियांत्रिकी तथा अन्य संबंधित विभागों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। किसानों को विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों से सीधे संवाद का और अपनी समस्याओं के समाधान का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्हें नई तकनीकों एवं बाजार आधारित कृषि मॉडल की जानकारी भी मिलेगी। महोत्सव में किसानों को डिजिटल कृषि सेवाओं, ऑन लाइन कृषि परामर्श, मौसम आधारित खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, ड्रोन तकनीक, स्मार्ट सिंचाई, उन्नत कृषि यंत्रों तथा आधुनिक कृषि प्रबंधन प्रणालियों की जानकारी भी दी जाएगी।

# बड़गांव गुर्जर से दादाजी धाम पहुंची पैदल निशान यात्रा



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** अच्छी फसल और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना के साथ ग्राम बड़गांव गुर्जर के श्रद्धालुओं ने श्री दादाजी धाम तक भव्य पैदल निशान यात्रा निकाली। गांव के वासुदेव पटेल के आह्वान पर आयोजित इस धार्मिक यात्रा में 150 से अधिक महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पदयात्रा के दौरान पूरे रास्ते श्रद्धालु भारी उत्साह में नजर आए। भज लो दादाजी का नाम, भज लो हरिहर जी का काम के भजनों और दादाजी के जयकारों से पूरा मार्ग गुंजायमान रहा और माहौल पूरी तरह दादाजी मय हो गया। यात्रा में शामिल रमेश पटेल ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गांव से प्रतिवर्ष यह पैदल निशान यात्रा निकालने की प्राचीन परंपरा है। इस यात्रा का विधिवत समापन श्री दादाजी धाम पहुंचकर पवित्र दर्शन और निशान अर्पित करने के साथ होता है। निशान यात्रा के इस पुनीत अवसर पर मुख्य रूप से कन्हैया पटेल, सखाराम पटेल, राजू करोड़ी, मांगीलाल चौधरी, मुकेश पटेल, रामदास पटेल और डॉ. दयाराम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चार दिन के प्रयास के बाद पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जिले की पंधाना तहसील अंतर्गत खरखेड़ी, काकोड़ा और अंबाखेड़ा गांव में पिछले तीन-चार महीनों से सक्रिय तेंदुए को वन विभाग ने पिंजरे में कैद कर लिया है। यह तेंदुआ वन क्षेत्र से निकलकर लगातार ग्रामीण इलाकों में आ रहा था और मवेशियों को अपना शिकार बना रहा था, जिससे किसानों और ग्रामीणों में भय बना हुआ था। बीते दिन तेंदुए द्वारा एक बछड़े को शिकार बनाए जाने के बाद ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए डीएफओ से तेंदुए को पकड़ने की मांग की थी। ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग ने क्षेत्र में पिंजरा लगाया। चार दिनों के प्रयासों के बाद आज सुबह तेंदुआ पिंजरे में बंद मिला। वन विभाग की टीम तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर ले गई है। तेंदुए के पकड़े जाने से क्षेत्रीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वहीं वन विभाग ने एहतियात के तौर पर जंगल से सटे इलाकों के निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

# बस व ऑटो चालकों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ, बताए दुष्परिणाम



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** पुलिस प्रशासन के नशा मुक्ति अभियान 2.0 के तहत लायंस क्लब एवं लियो क्लब खंडवा द्वारा संयुक्त रूप से नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। नारायण बाहेती ने बताया कि अभियान के दौरान बस चालकों, परिचालकों एवं ऑटो चालकों को नशा नहीं करने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर सभी से नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की गई। बसों, ऑटो व विभिन्न स्थानों पर नशामुक्ति के सन्देश युक्त स्टिकर व बेंनर लगाए गए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष घनश्याम वाधवा के नेतृत्व में लायन नारायण बाहेती, लायन राजीव शर्मा, लायन-लियो कॉर्डिनेटर राजीव मालवीय, उपस्थित रहे। वहीं लियो क्लब खंडवा के अध्यक्ष अभिषु शर्मा के नेतृत्व लियो सचिव शिवम जायसवाल,लियो कोषाध्यक्ष पवन जायसवाल, लियो सुमित परिहार, लियो अर्पित बाहेती एवं लियो स्वपनित जायसवाल, लियो रूपाली सोलंकी, लियो धर्मेंद्र सोलंकी ने भी अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। पदाधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, नशे की अवस्था में कभी वाहन न चलाएं तथा अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है तथा इससे सड़क दुर्घटनाओं सहित कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं।लायंस क्लब एवं लियो क्लब के सदस्यों ने शासन के नशा मुक्ति अभियान 2.0 को सफल बनाने के लिए समाज में निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाने का संकल्प भी लिया।लियो सुमित परिहार ने सभी का आभार माना।

# अखंड भजनों से गूंजा विट्ठल मंदिर



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** दो सौ वर्ष प्राचीन श्री विट्ठल मंदिर में आषाढ़ी देव शयनी एकादशी के अवसर पर दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदिर में 146वें नाम सप्ताह उत्सव का आयोजन बड़े धार्मिक उत्साह के साथ किया जा रहा है। शनिवार को एकादशी के विशेष महत्व के कारण प्रात: 6 बजे से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि नाम सप्ताह के दौरान सात दिनों तक 24 घंटे अखंड भजनों की प्रस्तुति अलग-अलग भजन मंडलों द्वारा दी जा रही है। शनिवार को पूरा मंदिर विट्ठल-विट्ठल के नाम स्मरण से गूंजता रहा और भजनों की धुन पर मातृशक्ति सहित अन्य श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नृत्य करते नजर आए। उत्सव को सफल बनाने में शहर के सभी भजन मंडल नियत समय पर आकर अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक शहर के विभिन्न महिला मंडल भी अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं, जिसके चलते शनिवार दोपहर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। उत्सव के दौरान एक ओर जहां भक्त भजन-कीर्तन पर नृत्य कर रहे हैं, वहीं बाल कलाकार भगवान कृष्ण और रुक्मिणी की मनमोहक वेशभूषा में सजे-धजे नाचते और फुगड़ी खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। शहर के विभिन्न समाज के लोग इस उत्सव में पूरे आनंद और उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के राम-श्याम आष्टेकर परिवार द्वारा भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर विशेष आरती की जा रही है, जो श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है।

# नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम आज

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** शहर के स्थानीय किशोर कुमार सभागृह में आज नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मेरा युवा भारत कार्यालय की जिला युवा अधिकारी पल्लवी दुबे ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे से होगी। इस अवसर पर युवाओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगीत व नृत्य प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, शॉर्ट फिल्म और रील प्रतियोगिता तथा स्लोगन लेखन जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। इसके साथ ही युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी और सिग्नेचर वॉल, जागरूकता प्रदर्शनी, युवा संवाद एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम भी संपन्न होंगे।

# खाटू श्याम और सालासर जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत

## काचीगुड़ा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस का खंडवा में ठहराव शुरू



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** खंडवा जंक्शन काचीगुड़ा- श्रीगंगानगर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन की महत्वपूर्ण सौगात मिली है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रयासों से रविवार को पहली बार इस ट्रेन के खंडवा पहुंचने पर स्टेशन पर स्वागत किया गया और खाटू श्याम के जयकारे गूंजे। विधायक कंचन मुकेश तनवे और भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने ट्रेन के लोको पायलट और मैनेजर का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया तथा हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सांसद पाटिल द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से लगातार चर्चा के बाद इस नई ट्रेन के ठहराव को मंजूरी मिली है। इससे क्षेत्रवासियों को कोटा, जयपुर, सीकर, रींगस (खाटू श्याम), सालासर बालाजी और बीकानेर आदि स्थानों की यात्रा में बड़ी सुविधा होगी। इसके साथ ही खंडवा स्टेशन के आधुनिकीकरण के लिए लगभग 350 करोड़ रुपये की टेंडर प्रक्रिया भी जारी है।यह ट्रेन (17601) प्रति शनिवार रात 10 बजे काचीगुड़ा से चलकर रविवार दोपहर 3:30 बजे खंडवा पहुंचेगी और श्रीगंगानगर जाएगी। वापसी में (17602) मंगलवार सुबह 6 बजे श्रीगंगानगर से चलकर बुधवार दोपहर 1:20 बजे खंडवा आएगी। इस स्वागत अवसर पर सेवादास पटेल, सुभाष कोठारी, मनोज सोनी और स्टेशन मैनेजर अरविंद साहा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अनुशासन के साथ निकली न्यायिक परिवार की निशान यात्रा



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जिला अधिवक्ता संघ और न्यायिक कर्मचारी संघ ने पहली बार संयुक्त रूप से श्री दादाजी निशान यात्रा निकाली। जिला न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता संघ कक्ष से शुरू हुई यह यात्रा पूर्ण श्रद्धा, निष्ठा और अनुशासन के साथ श्री दादाजी धाम पहुंची। रास्ते भर भज लो दादाजी का नाम, भज लो हरिहर जी का नाम के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया।जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रविंद्र पाथरिकर ने बताया कि सुबह 10.30 बजे अधिवक्ता संघ में सभी निशानों का विधिवत पूजन किया गया, जिसके बाद यात्रा प्रारंभ हुई। यह यात्रा पूरी तरह से मर्यादित और अनुशासित रही। इसमें डीजे और गुलाल का उपयोग पूरी तरह वर्जित रखा गया था, केवल पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु दादाजी धाम की ओर बड़े। निशान यात्रा में ड्रेस कोड का भी विशेष पालन किया गया; सभी पुरुष अधिवक्ता सफेद कुर्ता-पजामा या पैंट-शर्ट में, जबकि महिला अधिवक्ता सफेद अथवा पीले वस्त्र धारण कर शामिल हुईं।श्री दादाजी धाम पहुंचकर संघ की ओर से बड़े दादाजी को 5 और छोटे दादाजी को 4 निशान अर्पित किए गए। मुख्य रूप से अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव, संतोष गौर, मनीष वशिष्ठ, प्रशांत सोनी, महेश गड़ैल, दिनेश मालवीय, सुमित वर्मा, विजय सिंह चौहान और सुशील सोनी ने निशान अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इस ऐतिहासिक निशान यात्रा में अधिवक्ता अरुण दुबे, प्रणेन्द रांका, प्रणय गुप्ता, जसवंत परमार, विनम्र गंगराड़े, राहुल कनाडे, विक्रम लश्करी, गुप्तेश्वर सोनी, मनोज कुलकर्णी, कृष्णपाल, राहुल बिसेन, मोनू गुप्ता और सी.एम. दमादे सहित बड़ी संख्या में न्यायिक परिवार के सदस्य और अधिवक्तागण दादाजी भक्त के रूप में शामिल हुए।